J.V. JAIN COLLEGE, SAHARANPUR
(NAAC Accredited, College With Potential for Excellence, Minority Educational Institution)
Estd. 1955 Ph. No. – 09456004915

दिनांक :– 06/04/2025

# आवश्यक सूचना

राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0, लखनऊ के पत्रांक ई–2023/32–जी0एस0/2025, दिनांक 01/04/2025 के अनुपालन में माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय के पत्रांक डी0बी0आर0/वि0वि0समारोहआयो0/ 01/2024–25 दिनांक 05/04/2025 (**पत्र संलग्न**) के क्रम में भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के जन्मदिवस के उपलक्ष में प्रथम चरण में दिनांक 08/04/2025 को महाविद्यालय में अनुसूचित जाति के छात्र/छात्राओं के मध्य भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा, जिसका विषय निम्नवत है –

1. विकसित भारत की संकल्पना
2. प्रदेश के भौगोलिक व सामाजिक स्तर पर विद्यमान आर्थिक एवं सामाजिक दूरी पर प्रौद्योगिकी (**Technology**) का प्रभाव ? लाभ, हानि व उपाय।
3. नये प्रौद्योगिक युग (**Technology Age**) में भारत के संविधान में सुधार किस सीमा तक ?
4. भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर, भारत का संविधान एवं अमृतकाल में विकसित भारत, सामंजस्य का मार्ग ?

उपरोक्त प्रतियोगिता में प्रथम चरण में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं के नाम विश्वविद्यालय स्तर पर द्वितीय चरण में प्रतिभाग करने हेतु प्रेषित किये जायेंगें। तत्पश्चात् तृतीय चरण में द्वितीय चरण के सफल प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रगण अर्न्त–विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिभाग करेंगें तथा अन्तिम एवं चतुर्थ चरण में तृतीय चरण में समूह स्तर पर सफल प्रथम एवं द्वितीय छात्र/छात्राओं के कुल 12 प्रतिभागियों के मध्य दिनांक 14/04/2025 को राजभवन, लखनऊ में भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

अतः महाविद्यालय के अनुसूचित जाति के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि जो भी छात्र/छात्राएं उपरोक्त भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना चाहते है, वे कल दिनांक 07/04/2025 को अपने नाम वाणिज्य विभाग में प्रो0 पंकज गुप्ता को नोट कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक –उपरोक्तानुसार।**

(प्रो0 हरि ओम गुप्ता)
का0 प्राचार्य

**सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रति प्रेषित :–**

- समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं को इस आशय से प्रेषित कि वे सम्बन्धित कक्षा के छात्र/छात्राओं के व्हाट्स–एप ग्रुप में उक्त सूचना को प्रेषित करने का कष्ट करें।

# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
## (पुवांरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन—247120)
Website - msuniversity.ac.in Email ID- registrar@msuniversity.ac.in


पत्रांक :DBR/ वि0वि0समारोहआयो0 / 01 / 2024–25 दिनांक 05.04.2025

सेवा में,

1. प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।

2. शैक्षणिक समन्वयक,
माँ शाकुम्भरी विश्विद्यालय परिसर, सहारनपुर।

विषयः भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के जन्म दिवस के अवसर पर राजभवन, लखनऊ में विश्वविद्यालयों / संस्थानों एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में अनुसूचित जाति के सफल छात्र / छात्राओं के मध्य भाषण प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्रांकः ई–2023 / 32–जी0एस0 / 2025, दिनांक 01 अप्रैल 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा माननीया कुलाधिपति महोदया जी की प्रेरणा से भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के जन्म दिवस के अवसर पर दिनांक 14.04.2025 को विभिन्न राज्य विश्वविद्यालयों / संस्थानों एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के मध्य भाषण प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय आये छात्रगण को प्रदेश स्तर पर राजभवन, लखनऊ में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। इस सम्बन्ध में माननीय कुलपति महोदया जी के निर्देषोपरांत कुलसचिव जी द्वारा मुझे विश्वविद्यालय नोडल अधिकारी नामित करते हुए विश्वविद्यालय स्तर पर एवं शासन द्वारा बनाये गए समूह–1 के विश्वविद्यालयों में गतिविधियां करने का कार्यभार सौंपा गया है।

उपर्युक्त के सम्बन्ध में होने वाली भाषण प्रतियोगिता तथा उनके विभिन्न चक्रों के कार्यक्रम इस पत्र के साथ संलग्न हैं। आपको निर्देशित किया जाता है कि शासन द्वारा तथा विश्वविद्यालय द्वारा जारी निर्देशों को ध्यान में रखते हुए इस पत्र के साथ संलग्न कार्यक्रम के अनुरूप भाषण प्रतियोगिता करा कर महाविद्यालय स्तर पर विजेता प्रतिभागियों की सूची दिए गए गूगल फॉर्म लिक के माध्यम से विश्वविद्यालय को उपलब्ध करना सुनिश्चित करें। विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय द्वारा आगे द्वितीय एवं तृतीय चरण (विश्वविद्यालय समूह स्तर) के लिए नामित किया जाएगा। जहाँ जीतने पर वे राजभवन में दिनांक 14 अप्रैल, 2025 को भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के जन्म दिवस के अवसर पर होने वाली भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकेंगे।

भवदीय,

Google Form Link:
https://forms.gle/J1WwT4ZJRCSv3TSr8

(प्रो0 ओमकार सिंह)
नोडल अधिकारी
भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जंयती
एवं, प्राचार्य, गोचर महाविद्यालय, रामपुर मनिहारान, सहारनपुर।

प्रतिलिपि – अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
02. कुलसचिव कार्यालय को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
03. डॉ० विनोद कुमार, जे०वी० जैन डिग्री कॉलेज, सहारनपुर (मो0 नं0– 9456271292) को इस आशय से प्रेषित है कि इस सम्बन्ध में उचित कार्यवाही करते हुए भाषण प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र / छात्राओं की सूची अधोहस्ताक्षरी को समयानुसार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(प्रो0 ओमकार सिंह)
नोडल अधिकारी

# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
## (पुवांरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website - msuniversity.ac.in Email ID- registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक ........................ दिनांक 05.04.2025

- भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली भाषण प्रतियोगिता के विषय निम्नवत् होंगें:–

**i**. विकसित भारत की संकल्पना

**ii**. प्रदेश के भौगोलिक व सामाजिक स्तर पर विद्यमान आर्थिक एवं सामाजिक दूरी पर प्रौद्योगिकी (**Technology**) का प्रभाव? लाभ, हानि व उपाय।

**iii**. नये प्रौद्योगिकी युग (**Technology Age**) में भारत के संविधान में सुधार किस सीमा तक ?

**iv**. भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर, भारत का संविधान एवं अमृतकाल में विकसित भारत, सामंजस्य का मार्ग ?

- भाषण प्रतियोगिता के विभिन्न चरण निम्नानुसार होगें–

| क्र0सं0 | विभिन्न स्तर | आयोजन की तिथि | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम चरण (महाविद्यालय स्तर) | 08.04.2025 | महाविद्यालयों स्तर पर छात्र/छात्राओं के बीच भाषण प्रतियोगिता |
| 2 | द्वितीय चरण (विश्वविद्यालय स्तर) | 09.04.2025 | प्रथम चरण में सफल (प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले) छात्रगण के मध्य विश्वविद्यालय स्तर पर भाषण प्रतियोगिता |
| 3 | तृतीय चरण (अर्न्त–विश्वविद्यालय) | अधिसूचित किया जायेगा | द्वितीय चरण में सफल (प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले) छात्रगण के मध्य समूह स्तर में भाषण प्रतियोगिता |
| 4 | चतुर्थ चरण (राजभवन स्तर) | 14.04.2025 | चतुर्थ चरण– तृतीय चरण में समूह स्तर पर सफल प्रथम व द्वितीय छात्र/छात्राओं के कुल 12 प्रतिभागियों के मध्य दिनांक 14.04.2025 को राजभवन, लखनऊ में भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। |

नोट : महाविद्यालय स्तर पर विजेता प्रतिभागियों की सूची दिनांक 08.04.2025 (सांय 05 बजे) तक दिए गये गूगल फॉर्म लिंक पर उपलब्ध करना सुनिश्चित करें। सूची में भेजे गए प्रतिभागी ही विश्वविद्यालय स्तर पर होने वाली भाषण प्रतियोगिता में भाग ले पाएंगे।

Google Form Link:
https://forms.gle/J1WwT4ZJRCSv3TSr8

भवदीय,

(प्रो0 ओमकार सिंह)
नोडल अधिकारी
भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जंयती
एवं, प्राचार्य, गोचर महाविद्यालय, रामपुर मनिहारान, सहारनपुर।

ई–मेल

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,
# लखनऊ–226027

पत्रांकःई– 2023 / 32–जी0एस0 / 2025
दिनांकः 01 अप्रैल, 2025

प्रेषक,

**श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के**
**अपर मुख्य सचिव,**
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति / निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषय : भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के जन्म दिवस (14 अप्रैल, 2025) के अवसर पर राजभवन, लखनऊ में विश्वविद्यालयों / संस्थानों एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में अनुसूचित जाति के सफल छात्र / छात्राओं के मध्य भाषण प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

माननीया कुलाधिपति महोदया जी की प्रेरणा से भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के जन्म दिवस के अवसर पर **दिनांक 14.04.2025** को विभिन्न राज्य विश्वविद्यालयों / संस्थानों एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में **अनुसूचित जाति** के छात्र / छात्राओं के मध्य **भाषण प्रतियोगिता** में प्रथम व द्वितीय आये छात्रगण को **प्रदेश स्तर पर राजभवन, लखनऊ में भाषण प्रतियोगिता** निम्नानुसार आयोजित किया जाना हैः–

2. उपर्युक्त भाषण प्रतियोगिता विभिन्न चरणों में सम्पादित की जायेगी। जिसमें **प्रथम चरण**– महाविद्यालयों के मध्य छात्र / छात्राओं की, **द्वितीय चरण**– प्रथम चरण में सफल (प्रथम व द्वितीय) छात्रगण के मध्य विश्वविद्यालय स्तर पर, **तृतीय चरण**– द्वितीय चरण में सफल (प्रथम व द्वितीय) छात्रगण के मध्य समूह स्तर और **चतुर्थ चरण**– तृतीय चरण में समूह स्तर पर सफल प्रथम व द्वितीय छात्र / छात्राओं के कुल 12 प्रतिभागियों के मध्य दिनांक 14.04.2025 को राजभवन, लखनऊ में आयोजित की जायेगी।

3. भाषण प्रतियोगिता के विषय निम्नवत् होंगेः–

i. विकसित भारत की संकल्पना

ii. प्रदेश के भौगोलिक व सामाजिक ~~स्तर~~ आधार पर विद्यमान आर्थिक एवं सामाजिक दूरी पर प्रौद्योगिकी (Technology) का प्रभाव? लाभ, हानि व उपाय।

iii. नये प्रौद्योगिकी युग (Technology Age) में भारत के संविधान में सुधार किस सीमा तक?

iv. भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर, भारत का संविधान एवं अमृतकाल में विकसित भारत, सामंजस्य का मार्ग?

**4.** उपर्युक्त 6 समूहों के मध्य करायी गयी भाषण प्रतियोगिता में अन्तिम (final) रूप से प्रत्येक समूहवार **प्रथम एवं द्वितीय स्थान** पर चयनित **अनुसूचित जाति** के छात्र/छात्राओं द्वारा **माननीया कुलाधिपति महोदया के समक्ष भाषण का प्रस्तुतीकरण दिनांक 14.04.2025 को राजभवन, लखनऊ** में किया जायेगा।

**5.** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के जन्म दिवस के अवसर पर **राजभवन, लखनऊ में दिनांक 14.04.2025 को होने वाली भाषण प्रतियोगिता** में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के आवागमन व प्रवास आदि की समस्त व्यवस्था संबंधित विश्वविद्यालयों/ संस्थानों द्वारा स्वयं सुनिश्चित की जायेगी।

**6.** राजभवन, लखनऊ में दिनांक 14.04.2025 को आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं के नाम, पिता का नाम, उनकी कक्षा एवं विश्वविद्यालय/संस्थान/महाविद्यालय आदि का विवरण दिनांक 13.04.2025 की सायंकाल तक इस सचिवालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

**7.** इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्तानुसार कार्यवाही सम्पादित करते हुए डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी के जन्म दिवस के अवसर पर राजभवन, लखनऊ में दिनांक 14.04.2025 को आयोजित होने वाली भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य रूप से प्रातः 10.00 बजे तक सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

संलग्नकः यथोक्त।

01/04/25

**( डॉ. सुधीर एम. बोबडे )**
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव

# विश्वविद्यालय/संस्थानों के मध्य समूह का विभाजन

**समूह–1**

1. डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
2. चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
3. सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ।
4. महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।
5. राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
6. माँ0 शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।

**समूह–2**

1. पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो–अनुसंधान संस्थान, मथुरा।
2. छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।
3. चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर।
4. हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर।
5. बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी।

**समूह–3**

1. पंडित दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर।
2. मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर।
3. महायोगी गुरू गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर।
4. सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थ नगर।
5. आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या।
6. डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या।

**समूह–4**

1. वीर बहादुर सिंह पूर्वाचल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
2. सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी।
3. महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी ।
4. जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
5. बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा।
6. महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़।

**समूह–5**

1. प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
2. उत्तर प्रदेश राजर्षि टंण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
3. भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।
5. ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ।

**समूह–6**

1. लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
2. डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ।
3. किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।
5. डॉ0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।
6. अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।